सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

# समसामयिकी क्रॉनिकल

## विशेषांक

नवंबर 2024 तक अद्यतन

# करेंट अफेयर्स वार्षिकी 2025

**2024-25 में आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सामयिक खबरें, अति संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ**

राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक, पर्यावरण, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, खेल एवं राज्य विशेष आदि से संबंधित वार्षिक समसामयिक घटनाक्रम; अक्टूबर 2023 से नवंबर 2024 तक के महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी घटनाक्रमों पर आधारित




## विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां

कृषि एवं खाद्यान्न, पशुपालन क्षेत्र, वस्त्र उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, सड़क परिवहन, रेल परिवहन, पत्तन एवं पोत परिवहन, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र, गेमिंग क्षेत्र, अक्षय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, ग्रामीण विकास, सुभेद्य वर्ग, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, वन्यजीव संरक्षण, रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्र

**500+ समसामयिक प्रश्न**

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका
समसामयिकी क्रॉनिकल
विशेषांक मूल्यः ₹170/-

संपादक
एन.एन. ओझा

लेखन एवं प्रस्तुति
क्रॉनिकल संपादकीय समूह

संपादकीय
9582948817
cschindi@chronicleindia.in

विज्ञापन
9953007627
advt@chronicleindia.in

सदस्यता
9953007629
subscription@chronicleindia.in

प्रसार
9953007630
circulation@chronicleindia.in

कार्यालय
क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
ए-1डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301
Tel.: 0120-2514610-12
info@chronicleindia.in

**क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.:** प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत या असहमत होना जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धृत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की जांच स्वयं कर लें। समसामयिकी क्रॉनिकल, विज्ञापनों में प्रकाशित दावों के लिए किसी प्रकार जिम्मेदार नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा.लि. के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक-मृणाल ओझा** द्वारा एच-31, प्रथम तल ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नयी दिल्ली-110016, से प्रकाशित एवं इम्प्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नंबर C-18-19-20-21, सेक्टर-59, नोएडा-201301 से मुद्रित- **संपादक एन.एन. ओझा**

# करेंट अफेयर्स वार्षिकी 2025

## अनुक्रमणिका

1. राष्ट्रीय घटनाक्रम....3-17
2. कला एवं संस्कृति....18-27
3. आर्थिक घटनाक्रम....28-42
4. अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम....43-54
5. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी....55-68
6. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी....69-83
7. बैठक एवं सम्मेलन....84-96
8. योजना एवं कार्यक्रम....97-109
9. विधेयक एवं अधिनियम....110-115
10. रिपोर्ट एवं सूचकांक....116-124
11. राज्य घटनाक्रम....125-139
12. खेल घटनाक्रम....140-153
13. नियुक्ति....154-157
14. निधन....158-159
15. पुरस्कार एवं सम्मान....160-169
16. युद्धाभ्यास....170-172
17. पोर्टल एवं ऐप....173-174
18. केंद्रीय बजट 2024-25....175
19. आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24....176
20. अंतरराष्ट्रीय संगठन....177-178
21. महत्वपूर्ण दिवस....179-181
22. पुस्तक एवं लेखक....182-183
23. विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां....184-192

# 01 राष्ट्रीय घटनाक्रम

## प्रथम बोडोलैंड महोत्सव

15-16 नवंबर, 2024 के मध्य नई दिल्ली में प्रथम बोडोलैंड महोत्सव का आयोजन किया गया; इस महोत्सव का उद्घाटन 15 नवंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया।

- प्रथम बोडोलैंड महोत्सव का विषय "समृद्ध भारत के लिए शांति और सद्भाव" है, जिसमें बोडो समुदाय के साथ-साथ बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के अन्य समुदायों की समृद्ध संस्कृति, भाषा और शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।
- महोत्सव का उद्देश्य न केवल बोडोलैंड में बल्कि असम, पश्चिम बंगाल, नेपाल और उत्तर पूर्व के अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी बोडो लोगों को एकीकृत करना है।
- इसका एक अन्य उद्देश्य बोडोलैंड की सांस्कृतिक और भाषाई विरासत, पारिस्थितिक जैव विविधता और पर्यटन क्षमता की समृद्धि का लाभ उठाना भी है।
- यह महोत्सव ऐतिहासिक बोडो शांति समझौते के बाद बोडोलैंड क्षेत्र में शांति की बहाली का भी जश्न मनाता है। इस समझौते पर 27 जनवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हस्ताक्षर किए गए थे।

## कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश, 2024

13 नवंबर, 2024 को केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों के मुद्दे को हल करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किये।

- कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश, 2024 का उद्देश्य छात्रों और आम जनता को कोचिंग केंद्रों द्वारा आमतौर पर अपनाए जाने वाले भ्रामक विपणन तौर-तरीकों से बचाना है।

**दिशा-निर्देश के कुछ मुख्य बिंदु**

- **विज्ञापनों का विनियमन:** दिशा-निर्देश कोचिंग संस्थानों को निम्नलिखित बातों से सम्बंधित झूठे दावे करने से स्पष्ट रूप से रोकते हैं:
  - प्रस्तावित पाठ्यक्रम, उनकी अवधि, संकाय योग्यता, शुल्क और धनवापसी नीतियां।
  - चयन दर, सफलता की कहानियां, परीक्षा रैंकिंग और नौकरी की सुरक्षा के वादे।
  - सुनिश्चित प्रवेश, उच्च परीक्षा स्कोर, गारंटीकृत चयन या पदोन्नति।
- **सत्यवादी निरूपण:** उनकी सेवाओं की गुणवत्ता या मानक के बारे में भ्रामक प्रतिनिधित्व सख्त मना है। कोचिंग संस्थानों को अपने बुनियादी ढांचे, संसाधनों और सुविधाओं के बारे में सटीक रूप से बताना चाहिए।

## भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव

8-9 नवंबर, 2024 के मध्य नई दिल्ली में वार्षिक "भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव" (Indian Military Heritage Festival) का दूसरा संस्करण आयोजित किया गया।

- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान द्वारा 8 नवंबर, 2024 को इस वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन किया गया।
- इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और सैन्य विरासत पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक और भारतीय थिंक टैंक, निगमों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, गैर-लाभकारी संस्थाओं, शिक्षाविदों और शोध विद्वानों को शामिल करना है।
- इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने सैन्य मामलों के विभाग तथा भारत के यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन (USI) की एक पहल 'शौर्य गाथा' परियोजना (Project 'Shaurya Gatha') का भी शुभारंभ किया।
- प्रोजेक्ट 'शौर्य गाथा' का लक्ष्य शिक्षा एवं पर्यटन के माध्यम से भारत की सैन्य विरासत को संरक्षित करना और उसको बढ़ावा देना है।
- भारत के लंबे और समृद्ध सैन्य इतिहास और रणनीतिक संस्कृति के बावजूद, आम जनता का एक बड़ा हिस्सा देश की सैन्य विरासत और सुरक्षा चिंताओं के विभिन्न पहलुओं से अनजान है। भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव राष्ट्रीय विमर्श और देश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में इसी अंतर को पाटने का प्रयास करता है।

## 35वां त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन

13 नवंबर 2024 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि में '35वें त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन' (35th Triservices Commanders' Conference) की अध्यक्षता की।

- इस सम्मेलन में तीनों सेनाओं के कमांडरों, एकीकृत रक्षा स्टाफ (IDS) मुख्यालय और विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों ने भाग लिया।
- इस सम्मेलन में नवीन प्रशिक्षण रणनीतियों पर जोर दिया गया, जिसमें प्रौद्योगिकी और आधुनिक युद्ध रणनीति शामिल हों।
- त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन का आयोजन तीनों सेनाओं के प्रशिक्षण कमानों द्वारा बारी-बारी से किया जाता है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण में सर्वोत्तम तौर-तरीकों का आदान-प्रदान करते हुए सहयोग और प्रशिक्षण प्रभावशीलता को बढ़ाना है।
- यह सम्मेलन सेनाओं के प्रशिक्षण कमानों के स्टाफ अधिकारियों को एक मंच भी प्रदान करता है, जो संयुक्तता और सामंजस्य पर आधारित है तथा युद्ध प्रभावशीलता और बढ़ी हुई परिचालन क्षमताओं को हासिल करने के लिए सहयोगी प्रशिक्षण प्रयासों व रणनीतियों को तैयार करता है।

# 02 कला एवं संस्कृति

## मैसूरू संगीत सुगंध महोत्सव

8-10 नवंबर, 2024 के मध्य कर्नाटक के मैसूरु में 'मैसूरु संगीत सुगंध महोत्सव' (Mysuru Sangeetha Sugandha festival) का आयोजन किया गया।

- महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव राज्य की गहन सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने का एक सहयोगात्मक प्रयास है।
- यह महोत्सव दास परंपराओं को एक श्रद्धांजलि है, जिसमें 21 प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा इसका प्रदर्शन किया गया, जिन्होंने कन्नड़ संगीत की धुनों की एकशृंखला पेश की।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य संत-कवियों की विरासत और कर्नाटक संगीत में उनके योगदान को उजागर करना तथा दर्शकों के साथ गहरे सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देना है।

## अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस, 2024

17 अक्टूबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस" (International Abhidhamma Divas) और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया।

- अभिधम्म दिवस उस दिन की याद दिलाता है जब भगवान बुद्ध दिव्य लोक, 'तवतिंस-देवलोक' से उत्तर प्रदेश के संकासिया (अब संकिसा बसंतपुर) में अवतरित हुए थे, जो बौद्ध इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना थी। अभिधम्म दिवस भगवान बुद्ध के अभिधम्म की शिक्षा देने की घटना से संबंधित है।

## ओरछा को यूनेस्को में शामिल करने हेतु डोजियर

16 अक्टूबर, 2024 को पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारतीय राजदूत विशाल वी. शर्मा ने यूनेस्को विश्व विरासत केंद्र के निदेशक लाजारे एलौंडौ असोमो को 'ओरछा के ऐतिहासिक समूह' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए डोजियर सौंपा।

- ओरछा को 2027-28 में शामिल करने की सिफारिश की गई है।
- यूनेस्को की आधिकारिक घोषणा के बाद ओरछा देश की ऐसी एकमात्र विश्व धरोहर स्थली होगी, जो राज्य संरक्षित है।

**ओरछा**

- ओरछा ऐतिहासिक स्थल मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे स्थित है, जो समृद्ध सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को प्रदर्शित करता है।
- ओरछा का स्थापत्य बुंदेला शासकों द्वारा विकसित किया गया था, जो अद्वितीय स्थापत्य शैली का प्रतीक है।

## कला प्रदर्शनी 'साइलेंट कन्वर्सेशनः फ्रॉम मार्जिन्स टू द सेंटर'

17 अक्टूबर, 2024 को केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में कला प्रदर्शनी "साइलेंट कन्वर्सेशनः फ्रॉम मार्जिन्स टू द सेंटर" (Silent Conversation: From Margins to the Centre) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।

- इस चार दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा सांकला फाउंडेशन, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के सहयोग से किया गया।
- इस अवसर पर, "हिडन ट्रेजर्सः इंडियाज हेरिटेज इन टाइगर रिजर्व्स" नामक पुस्तक और "बिग कैट्स" नामक पत्रिका का भी विमोचन किया गया।
- प्रदर्शनी का उद्देश्य आदिवासी समुदायों के संरक्षण के सिद्धांतों को पहचानना और इन समुदायों और पर्यावरण के बीच सह अस्तित्व संबंधों को उजागर करना है।

## प्रथम 'अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव' का आयोजन

- 16 अक्टूबर, 2024 को केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली में पहले "अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव" (International Festival on Indian Dance) का उद्घाटन किया।
- 16-21 अक्टूबर, 2024 के मध्य आयोजित इस 6 दिवसीय कार्यक्रम ने भारतीय नृत्य रूपों की विविधता और समृद्धि का उत्सव मनाने के लिए कलाकारों, विद्वानों और विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान किया।
- संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित इस महोत्सव में अमेरिका, इंडोनेशिया, नेपाल, बांग्लादेश, सिंगापुर और श्रीलंका समेत कई अन्य देशों से कलाकार, विद्वान और नृत्य आलोचक शामिल हुए।

**संगीत नाटक अकादमी**

- संगीत नाटक अकादमी, देश में प्रदर्शन कला के क्षेत्र में सर्वोच्च संस्था है। यह भारतीय गणराज्य द्वारा स्थापित पहली राष्ट्रीय कला अकादमी भी है।
- इसकी स्थापना 1953 में संगीत, नृत्य और नाटक के रूपों में व्यक्त भारत की विविध संस्कृति की विशाल अमूर्त विरासत के संरक्षण और प्रचार के लिए की गई थी।
- संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है।

# 03 आर्थिक घटनाक्रम

## भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का 43वां संस्करण

14 नवंबर 2024 को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF) के 43वें संस्करण का उद्घाटन किया।

- ❖ भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) द्वारा आयोजित यह प्रमुख कार्यक्रम 14 से 27 नवंबर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।
- ❖ यह कार्यक्रम भारत की जीवंत संस्कृति, व्यापार और नवाचार का जश्न मनाते हुए व्यवसायों और व्यक्तियों को अवसर तलाशने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है।
- ❖ इस वर्ष के व्यापार मेले की थीम "विकसित भारत @2047" है, जो 2047 तक आत्मनिर्भर, समृद्ध और लचीला राष्ट्र बनने के भारत के दृष्टिकोण को दर्शाती है। बिहार और उत्तर प्रदेश इस मेले में भागीदार राज्यों के रूप में भाग ले रहे हैं, जबकि झारखंड मेले के इस संस्करण के लिए फोकस राज्य है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र हेतु ₹1,000 करोड़ का वेंचर कैपिटल फंड

24 अक्टूबर, 2024 को भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल (VC) फंड की स्थापना को मंजूरी दी।

- ❖ यह फंड IN-SPACe (Indian National Space Promotion and Authorization Center) के तहत संचालित होगा।
- ❖ इस फंड का उपयोग अगले 5 वर्षों में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक वर्ष औसतन 150-250 करोड़ रुपये की राशि स्टार्टअप्स की जरूरतों और निवेश के अवसरों के आधार पर निवेश की जाएगी।
- ❖ यह कदम भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य 2033 तक 44 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का है।
- ❖ यह फंड भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के नियमों के तहत एक वैकल्पिक निवेश फंड (AIF) के रूप में संचालित होगा, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी पूंजी निवेश को आकर्षित किया जा सकेगा।

## 2024-25 में भारत की GDP वृद्धि दर 7% : IMF

22 अक्टूबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा जारी नवीनतम "विश्व आर्थिक परिदृश्य" (WEO) रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की GDP वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान है।

- ❖ IMF यह संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है, जिसकी स्थापना 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में की गई थी।
- ❖ IMF के मुख्य उद्देश्यों में वैश्विक मौद्रिक सहयोग का समर्थन करना, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाना, उच्च रोजगार और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना तथा गरीबी को कम करना शामिल है।
- ❖ वर्तमान में इसमें 190 सदस्य देश शामिल है तथा इसका मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में है।

## रबी फसलों हेतु MSP में बढ़ोतरी को मंजूरी

16 अक्टूबर, 2024 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि को मंजूरी दी।

- ❖ एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि रेपसीड और सरसों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है, इसके बाद मसूर के लिए 275 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।
- ❖ चना, गेहूं, कुसुम और जौ के लिए क्रमशः 210 रुपये प्रति क्विंटल, 150 रुपये प्रति क्विंटल, 140 रुपये प्रति क्विंटल और 130 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।
- ❖ विपणन सीजन 2025-26 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि, केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की घोषणा की गई थी।

## पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष

12 अक्टूबर, 2024 को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के लिए "पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PM Gati Shakti NMP) ने तीन वर्ष पूरे किये।

- ❖ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त, 2021 को पीएम गतिशक्ति पहल की घोषणा की थी।
- ❖ इसे 13 अक्टूबर, 2021 को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के लिए एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान के रूप में शुरू किया गया था।
- ❖ इस पहल का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाकर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एकीकृत योजना और उनका समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

## भारत 700 अरब डॉलर के फॉरेक्स रिजर्व वाला चौथा देश

5 अक्टूबर, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार,भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया।

- ❖ 27 सितंबर, 2024 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.59 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# 04 अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## भारत 2026 तक सौर गठबंधन का अध्यक्ष

नवंबर 2024 में भारत को 2024-2026 तक की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का अध्यक्ष (President) चुना गया। इसके साथ ही फ्रांस को इस संगठन के सह-अध्यक्ष (Co-President) के रूप में चुना गया है।

- आईएसए असेंबली (ISA Assembly) ने स्थायी समिति (Standing Committee) के लिए 8 उपाध्यक्षों का भी चुनाव किया। इनका चुनाव आईएसए की चार क्षेत्रीय श्रेणियों (Regional Categories) में से किया गया तथा प्रत्येक श्रेणियों से दो प्रतिनिधि शामिल हैं।
- अफ्रीका क्षेत्र के लिए घाना और सेशेल्स को उपाध्यक्ष चुना गया है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को उपाध्यक्ष चुना गया है।
- लैटिन अमेरिका और कैरिबियाई क्षेत्र के लिए ग्रेनेडा और सूरीनाम को चुना गया है, वहीं यूरोप और अन्य के लिए जर्मनी और इटली को उपाध्यक्ष चुना गया है।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसे भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से 2015 में पेरिस में आयोजित COP21 सम्मेलन में लॉन्च किया था।

## भारत ने मोजाम्बिक को 2 फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट (FIC) सौंपे

8 नवंबर, 2024 को भारत सरकार ने हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के मित्र राष्ट्रों के साथ अपनी क्षमता निर्माण गतिविधियों के एक भाग के रूप में मोजाम्बिक सरकार को 2 जल-जेट चालित 'फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट' (FIC) उपहार में दिए।

- इन जल-जेट-चालित नौकाओं की अधिकतम गति 45 नॉट है और 12 नॉट पर इनकी रेंज 200 समुद्री मील है।
- वे 5 कर्मियों के दल को ले जा सकती हैं और मशीन गन व बुलेट-प्रतिरोधी केबिन से सुसज्जित हैं।
- हिंद महासागर क्षेत्र में कई देशों द्वारा भारतीय नौसेना को समुद्री सुरक्षा के लिए मुख्य भागीदार के रूप में देखा गया है।

## अमेरिका, जापान व द. कोरिया द्वारा DiGi फ्रेमवर्क का शुभारंभ

25 अक्टूबर, 2024 को संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने 'भारत के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इनिशिएटिव फ्रेमवर्क' (DiGi Framework) के शुभारंभ की घोषणा की, जो भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के लिए भारतीय निजी क्षेत्र के साथ उनके सहयोग को आगे बढ़ाएगा।

- इस संबंध में एक घोषणा अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम, जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (JBIC) और कोरिया के निर्यात-आयात बैंक (Korea Eximbank) द्वारा की गई।
- डिजी फ्रेमवर्क का लक्ष्य साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ साझेदारी में अमेरिका, जापान, और कोरिया गणराज्य के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है।
- यह सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 5जी, ओपन RAN, सबमरीन केबल, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, डेटा सेंटर, स्मार्ट सिटी, ई-कॉमर्स, एआई और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसी परियोजनाओं को समर्थन देगा।

## भारत और चीन LAC पर गश्त व्यवस्था हेतु सहमत

21 अक्टूबर, 2024 को भारत और चीन विवादित वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर गश्त व्यवस्था (Patrolling Arrangements) हेतु सहमत हो गए हैं।

- समझौते का उद्देश्य अप्रैल 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध को हल करना है, जिसमें पूर्वी लद्दाख के साथ भारत-चीन पश्चिमी सीमा के क्षेत्रों जैसे डेमचोक और देपसांग में मुद्दों का समाधान करना है।
- 2020 में तनाव भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, विशेष रूप से गलवान घाटी (लद्दाख) में एक प्रमुख एयरबेस को जोड़ने वाली सड़क पर चीन की आपत्तियों से उत्पन्न हुआ था।
- चीन के साथ भारत की 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा स्पष्ट रूप से चिन्हित नहीं है तथा कुछ भागों में पारस्परिक सहमति वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) भी नहीं है।

## भारत-तुर्की मैत्री संघ का शुभारंभ

16 अक्टूबर, 2024 को हैदराबाद में भारत-तुर्की मैत्री संघ (ITFA) की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य व्यापार, संस्कृति, पर्यटन और शिक्षा में सहयोग को मजबूत करना है।

- यह नव स्थापित ITFA प्रमुख क्षेत्रों में भारत-तुर्की संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा तथा सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान पर जोर देगा।
- तुर्की के महावाणिज्यदूत ओरहान याल्मन ओकान ने इस बात पर प्रकाश डाला ITFA हैदराबाद को तुर्की पर्यटकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसका लक्ष्य 2023 में तुर्किये का दौरा करने वाले 3.5 लाख भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाना है।
- फ्रांस और स्पेन के बाद तुर्की विश्व के शीर्ष तीन पर्यटन स्थलों में से एक है,तथा उम्मीद है कि भारतीय पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होगी तथा यह संख्या शीघ्र ही 4 लाख तक पहुंच की संभावना है।

# 05 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## वैश्विक कार्बन बाजार हेतु नए मानक

11-22 नवंबर, 2024 के मध्य अजरबैजान के बाकू में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के पक्षकारों के सम्मेलन का 29वां सत्र (COP29) आयोजित किया जा रहा है।

- वैश्विक जलवायु वार्ता के पहले दिन, COP29 ने अनुच्छेद 6 के अंतर्गत 'पेरिस समझौते के तंत्र के लिए नए परिचालन मानकों' को आधिकारिक रूप से अपना लिया है, जिससे वैश्विक कार्बन बाजार के लिए मंच तैयार हो गया है।
- अनुच्छेद 6.4 को अपनाए जाने से अनुच्छेद 6 को क्रियान्वित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जो वर्षों से गतिरोध का सामना कर रहा है।
- पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6 कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करता है।
- वैश्विक कार्बन बाजार (Global Carbon Market) एक वित्तीय प्रणाली है, जो विभिन्न देशों और कंपनियों को उनके ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रोत्साहित करती है।
- इसका उद्देश्य वैश्विक जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करना और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करना है। यह बाजार कंपनियों और देशों को अपने कार्बन उत्सर्जन की एक सीमा निर्धारित करने में मदद करता है।
- इस दौरान UNFCCC कॉप 29के अतिरिक्त 'क्योटो प्रोटोकॉल के पक्षकारों की 19वीं बैठक' (CMP19) भी आयोजित की जानी है।

## अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब में भारत का प्रवेश

3 अक्टूबर, 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब (International Energy Efficiency Hub) में शामिल होने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी।

- अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब, विश्व भर में सहयोग को बढ़ावा देने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक वैश्विक मंच है।
- जुलाई 2024 तक, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, रूस, सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित 16 देश इस समूह के सदस्य हैं।
- इसे वर्ष 2020 में 'ऊर्जा दक्षता सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी' (IPEEC) के उत्तराधिकारी संगठन के रूप में स्थापित किया गया था।
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता हब के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। भारत सरकार ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना 1 मार्च, 2002 को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत की थी।

## दार्जिलिंग प्राणी उद्यान का रेड पांडा कार्यक्रम

अक्टूबर 2024 में दार्जिलिंग के पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान (Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park) के रेड पांडा कार्यक्रम को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम (WAZA) कंजर्वेशन अवार्ड 2024 के लिए फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है।

- WAZA संरक्षण और पर्यावरण स्थिरता पुरस्कार की घोषणा 7 नवंबर, 2024 को सिडनी के टारोंगो चिड़ियाघर में 79वें WAZA वार्षिक सम्मेलन (79th WAZA annual conference) में की जाएगी।
- WAZA क्षेत्रीय संघों, राष्ट्रीय संघों, चिड़ियाघरों और एक्वैरियमों का एक वैश्विक गठबंधन है।

**रेड पांडा**

- लाल पांडा ऐलुरुस (Ailurus) वंश का एकमात्र जीवित सदस्य है। यह स्तनपायी जीव हिमालय क्षेत्र में नेपाल, भारत, भूटान, दक्षिणी चीन और म्यांमार के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाता है।
- लाल पांडा को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट के तहत संकटग्रस्त जीवों की श्रेणी में रखा गया है। इसे भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत कानूनी संरक्षण प्राप्त है।

## डायनासोर जीवाश्म पार्क और संग्रहालय

अक्टूबर 2024 में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने गुजरात के बालासिनोर में स्थित डायनासोर जीवाश्म पार्क और संग्रहालय को 'यूनेस्को भू-विरासत टैग' (UNESCO Geo-Heritage Tag) की मान्यता प्राप्त करने हेतु इस स्थल का दौरा किया।

- डायनासोर जीवाश्म पार्क और संग्रहालय राजासौरस नर्मदेंसिस जैसे डायनासोर के लेट क्रेटेशियस जीवाश्मों के लिए जाना जाता है।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा 1980 के दशक में खोजे गए इस स्थान को दुनिया के सबसे बड़े डायनासोर अंडों के प्रजनन केंद्रों में से एक माना जाता है।

**यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क**

- इसकी शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी और यह अंतरराष्ट्रीय महत्व की भूवैज्ञानिक विरासत को मान्यता देता है।
- ग्लोबल जियो पार्क एकीकृत भू-वैज्ञानिक क्षेत्र होते हैं जहां अंतरराष्ट्रीय भू-गर्भीय महत्त्व के स्थलों व परिदृश्यों की सुरक्षा और टिकाऊ विकास की समग्र अवधारणा के साथ उनका प्रबंधन किया जाता है।
- वर्तमान में 48 देशों में 213 यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क हैं।

# 06 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## गाइडेड पिनाका रॉकेट सिस्टम का उड़ान परीक्षण

14 नवंबर, 2024 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (PSQR) सत्यापन परीक्षणों के हिस्से के रूप में निर्देशित 'पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट (MBRL) सिस्टम' के उड़ान परीक्षणों के सफल समापन की घोषणा की।

- इससे पिनाका की मारक क्षमता 75 किलोमीटर से अधिक हो गई है। उड़ान परीक्षण तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किए गए हैं।
- मार्गदर्शित पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली का सटीक हमला करने वाला यह संस्करण पूरी तरह से स्वदेशी हथियार प्रणाली है।
- इस हथियार प्रणाली को 'आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान' द्वारा 'अनुसंधान केंद्र इमारत', 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला', 'उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला' और 'प्रूफ एंड एक्सपेरीमेंटल एस्टेब्लिशमेंट' के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- इस मार्गदर्शित पिनाका हथियार प्रणाली के शामिल होने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता में और बढ़ोतरी होगी।

## स्पेस टेबल टॉप एक्सरसाइज 'अंतरिक्ष अभ्यास-2024'

11-13 नवंबर, 2024 के मध्य एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय की रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी ने स्पेस टेबल टॉप एक्सरसाइज 'अंतरिक्ष अभ्यास-2024' का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

- यह अभ्यास अंतरिक्ष युद्ध (Space Warfare) के क्षेत्र में भारतीय सशस्त्र बलों की रणनीतिक तत्परता को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
- अंतरिक्ष अभ्यास-2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने परिदृश्य-आधारित गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें सैन्य, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक समुदाय के अलावा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के विषय विशेषज्ञ भी शामिल हुए।
- अंतरिक्ष अभ्यास 2024 के प्रमुख परिणामों में सैन्य कार्रवाई करने की तैयारियों के लिए परिष्कृत रणनीतियां, भावी सहयोग हेतु एक सशक्त रूपरेखा और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप भारत के अंतरिक्ष सिद्धांत तथा क्षमताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक स्पष्ट रोडमैप शामिल हैं।
- यह अग्रणी कार्यक्रम भारत की अंतरिक्ष आधारित कार्यात्मक क्षमताओं को विस्तार देने और अंतरिक्ष सुरक्षा दोनों के लिए तीनों सेनाओं के साझा परिचालन को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## IAF C-295 फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा

11 नवंबर, 2024 को वायु सेना स्टेशन, आगरा में आईएएफ सी-295 फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा [IAF C-295 Full Motion Simulator (FMS) facility] का उद्घाटन किया गया।

- पायलट के प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इस सिम्युलेटर के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे वास्तविक विमान पर किये जाने वाले उड़ान प्रशिक्षण का समय कम किया जा सकता है।
- अत्याधुनिक सिम्युलेटर पायलटों को सामरिक एयरलिफ्ट, पैरा-ड्रॉपिंग, पैरा-ट्रूपिंग, मेडिकल निकासी, आपदा राहत जैसे विभिन्न मिशनों के लिए लगभग वास्तविक वातावरणीय स्थितियों में प्रशिक्षण देने में सक्षम बनाता है।
- यह वास्तविक संचालन के दौरान सामने आने वाली आपात स्थितियों के लिए पायलटों को सक्षम बनाता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे पायलट युद्ध के लिए तैयार हैं।
- यह पायलटों को उच्च जोखिम वाली आपात स्थितियों से निपटने में अपने कौशल को निखारने में सक्षम बनाएगा जिसके लिए समय पर त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। इससे सैन्य अभियानों की समग्र सुरक्षा में वृद्धि होगी।

## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM)

12 नवंबर, 2024 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के तट के निकट चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से 'लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल' (LRLACM) का पहला उड़ान परीक्षण किया।

- मिसाइल ने 'वे पॉइंट नेविगेशन' (Way Point Navigation) का प्रयोग करते हुए वांछित पथ का अनुसरण किया और विभिन्न ऊंचाइयों और गति पर उड़ान भरते हुए विभिन्न प्रकार के युक्तिचालन करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।
- बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए यह मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।
- LRLACM को अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ-साथ वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है।
- भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु, LRLACM के दो विकास-सह-उत्पादन-साझेदार हैं और मिसाइल विकास तथा एकीकरण की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं।
- LRLACM को मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर का उपयोग करके जमीन से और यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल सिस्टम का उपयोग करके फ्रंटलाइन जहाजों से लॉन्च करने के लिए विकसित किया गया है।

# 07 बैठक एवं सम्मेलन

## DHR-ICMR स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता सम्मेलन

14 नवंबर 2024 को स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (DHR-ICMR) ने नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में 'डीएचआर-आईसीएमआर स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन 2024' (DHR-ICMR Health Research Excellence Summit 2024) की मेजबानी की।

- इस कार्यक्रम ने ICMR के 113वें स्थापना दिवस को चिह्नित किया और भारत में जैव चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए ICMR की एक सदी से अधिक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।
- इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा नवाचार में आईसीएमआर के योगदान को प्रोत्साहन देने के लिए डिजाइन की गई कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ भी हुआ।
- इनमें से उल्लेखनीय है रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरिंग इकोसिस्टम (I-RISE) नीति जो स्वास्थ्य सेवा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईसीएमआर की व्यापक प्रयोगशाला और अनुसंधान नेटवर्क तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक सहयोगी मंच है।
- इस अवसर पर आईसीएमआर की आई-ड्रोन पहल (I-Drone initiative) का यादाद्री भावुनगरी, तेलंगाना में वर्चुअल तरीके से संचालित उड़ान के माध्यम से प्रदर्शन किया।

## दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद की 25वीं बैठक

11-13 नवंबर, 2024 के मध्य नई दिल्ली में 'दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद' की 25वीं बैठक (SATRC-25) आयोजित की गई, जिसमें पूरे दक्षिण एशिया के नियामकों, उद्योग जगत के नेताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

- यह बैठक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा एशिया-प्रशांत दूरसंचार समुदाय (APT) के सहयोग से आयोजित की गई।
- SATRC-25 में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी को दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (SATRC) का अध्यक्ष चुना गया।
- SATRC एशिया-प्रशांत टेलीकम्युनिटी (APT) के तहत एक पहल है, जो दक्षिण एशिया के दूरसंचार क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग और सामंजस्यपूर्ण विनियमन संबंधी प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

## आतंकवाद निरोधी सम्मेलन-2024

7 नवंबर, 2024 को गृह मंत्री ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'आतंकवाद निरोधी सम्मेलन-2024' (Anti-Terror Conference-2024) का उद्घाटन किया।

- सम्मेलन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, आतंकवाद-रोधी मुद्दों से निपटने वाली केंद्रीय एजेंसियों व विभागों के अधिकारी और कानून, फोरेंसिक, प्रौद्योगिकी आदि जैसे संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।
- गृह मंत्री ने सम्मेलन के दौरान NIA के ध्येय वाक्य (Motto) का अनावरण, UAPA मामलों की जांच के लिए SOP का विमोचन और NIA के 11 पदक विजेताओं को अलंकृत किया।
- सम्मेलन का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के साथ आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चौनल स्थापित कर विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस जानकारी प्रस्तुत करना है।

## 16वां BRICS शिखर सम्मेलन

22-24 अक्टूबर, 2024 के मध्य रूस के कजान में 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (16th BRICS Summit) आयोजित किया गया।

- इस सम्मेलन की थीम थी- "न्यायपूर्ण वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना"। सम्मेलन के अंत में ब्रिक्स देशों ने एक संयुक्त कजान घोषणा-पत्र को अपनाया।
- यह BRICS का ऐसा पहला शिखर सम्मेलन था, जिसमें संस्थापक सदस्यों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ नए सदस्य मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी शामिल हुए।
- इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2020 के बाद पहली औपचारिक बैठक हुई, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) से संबंधित हालिया समझौते का स्वागत किया गया, जो सीमा तनाव को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- ब्रिक्स नेताओं ने व्यापार और वित्तीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग का विस्तार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## कॉप 16 जैव विविधता सम्मेलन

21 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2024 के मध्य कैली, कोलंबिया में जैव विविधता पर अभिसमय (CBD) के 'पक्षकारों का 16वां सम्मेलन' (COP16) आयोजित किया गया।

- यह बैठक वर्ष 2022 में कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा (KMGBF) को अपनाए जाने के बाद पहली बार हुई।
- कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा में 23 लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिन्हें वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
- जैव विविधता की रक्षा के लिए महत्वाकांक्षी वैश्विक संधि 'कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा' पर 196 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# 08 योजना एवं कार्यक्रम

## त्वरित नवाचार एवं अनुसंधान के लिए साझेदारी (PAIR) कार्यक्रम

14 नवंबर, 2024 को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) ने विश्वविद्यालयों, विशेष रूप से केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक संस्थानों की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'त्वरित नवाचार एवं अनुसंधान के लिए साझेदारी (PAIR) कार्यक्रम' के शुभारंभ की घोषणा की।

- ❖ अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) का संचालन 10 सितंबर, 2024 को गवर्निंग बोर्ड (GB) की पहली बैठक के साथ शुरू किया गया था। इसकी अध्यक्षता माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में की थी।
- ❖ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के साथ संरेखित PAIR पहल का उद्देश्य शीर्ष स्तरीय संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देकर भारतीय विश्वविद्यालयों, विशेष रूप से सीमित शोध क्षमताओं वाले केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।
- ❖ यह संस्थानों में व्यवस्थित अनुसंधान विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए एक मेंटरशिप-संचालित हब और स्पोक ढांचे के माध्यम से किया जाएगा।
- ❖ ये हब उभरते संस्थानों (स्पोक) को अनुसंधान गतिविधियों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे तथा उनके संसाधनों और विशेषज्ञता का दोहन करने के लिए पहुँच प्रदान करेंगे, तथा इस प्रकार संस्थानों के बीच की खाई को पाटेंगे और भारत में एक मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिक तंत्र का पोषण करेंगे।

## चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने हेतु योजना

8 नवंबर, 2024 को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने 'चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने की योजना' (Scheme for Strengthening the Medical Device Industry) का शुभारंभ किया।

- ❖ यह एक समग्र योजना है, जो चिकित्सा उपकरण उद्योग के संवेदनशील क्षेत्रों को लक्षित करती है, जिनमें प्रमुख हिस्सों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययन के लिए मदद,सामान्य बुनियादी ढांचे का विकास और उद्योग को बढ़ावा देना शामिल है।
- ❖ नई योजना का कुल परिव्यय 500 करोड़ रुपये है। इसमें निम्नलिखित 5 उप-योजनाएं शामिल हैं -
  1. चिकित्सा उपकरण समूह के लिए सामान्य सुविधाएं
  2. आयात निर्भरता कम करने के लिए सीमांत निवेश योजना
  3. चिकित्सा उपकरणों के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास
  4. चिकित्सा उपकरण नैदानिक अध्ययन सहायता योजना
  5. चिकित्सा उपकरण प्रोत्साहन योजना
- ❖ इस योजना से न केवल उद्योग जगत को मदद मिलेगी, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इससे एक लंबा फासला तय किया जा सकेगा।

## PM-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

6 नवंबर, 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की एक नई योजना "पीएम विद्यालक्ष्मी" (PM Vidyalaxmi) को मंजूरी दी।

- ❖ पीएम विद्यालक्ष्मी योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत एक प्रमुख पहल है। यह देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों (QHEI) में प्रवेश पाने वाले छात्रों को शिक्षा ऋण के विस्तार की सुविधा प्रदान करती है।
- ❖ योजना के तहत, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान (QHEIs) में प्रवेश लेने वाला कोई भी छात्र ट्यूशन फीस की पूरी राशि और पाठ्यक्रम से संबंधित अन्य खर्चों के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से संपार्श्विक मुक्त (Collateral Free), गारंटर मुक्त ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।
- ❖ 7.5 लाख रुपये तक की ऋण राशि के लिए, छात्र बकाया भुगतान चूक (Outstanding Default) के 75% की क्रेडिट गारंटी के लिए पात्र होंगे। इससे बैंकों को योजना के तहत छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।
- ❖ योजना के तहत हर साल एक लाख छात्रों को ब्याज अनुदान सहायता दी जाएगी। सरकारी संस्थानों से पढ़ने वाले और तकनीकी/पेशेवर पाठ्यक्रमों का विकल्प चुनने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- ❖ 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3,600 करोड़ रुपये का परिव्यय किया गया है और इस अवधि के दौरान 7 लाख नए छात्रों को इस ब्याज अनुदान का लाभ मिलने की उम्मीद है।

## 'जल ही अमृत' योजना को मंजूरी

अक्टूबर 2024 में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार ने 'जल ही अमृत' (Jal Hi AMRIT scheme) नामक एक नई योजना को मंजूरी दी है।

- ❖ 'अमृत 2.0 योजना' के तहत इस योजना में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'प्रयुक्त जल (Sewage) उपचार संयंत्रों' (UWTPs/STPs) का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करने की परिकल्पना की गई है, ताकि निरंतर आधार पर पर्यावरण मानकों को पूरा करते हुए, पुनर्चक्रण योग्य अच्छी गुणवत्ता वाले उपचारित जल को सुनिश्चित किया जा सके।

# 09 विधेयक एवं अधिनियम

## नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए

17 अक्टूबर, 2024 को सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से दिए गए अपने एक ऐतिहासिक फैसले में नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा।

- ❖ नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए उन प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है, जो 1 जनवरी, 1966 को या उसके पश्चात् किन्तु 25 मार्च, 1971 से पूर्व (यानी 24 मार्च, 1971 तक) बांग्लादेश से असम में आकर बस गए थे।
- ❖ नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए का प्रावधान असम समझौते की मुख्य विशेषता को प्रभावी बनाने के मकसद से 1985 में किया गया था।
- ❖ धारा 6ए का उद्देश्य असम में आप्रवासी आबादी के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और बड़े पैमाने पर आप्रवासन के चलते असम के लोगों के सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक अधिकारों का नुकसान न होने देना सुनिश्चित करने के लिए एक बीच का रास्ता तलाशना था।

## दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियम, 2024

16 अक्टूबर, 2024 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत 'दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियमावली, 2024' [The Rights of Persons with Disabilities (Amendment) Rules, 2024] को अधिसूचित किया गया।

- ❖ नई नियमावली के तहत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (UDID) के लिए आवेदन करने और जारी करने की प्रक्रिया में बदलाव किये गए हैं।
- ❖ नए नियमों के अनुसार विकलांग व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से पहचान का प्रमाण, एक फोटो (जो 6 महीने से अधिक पुरानी न हो) तथा आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

### दिव्यांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2016

- ➢ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम को 2016 में अधिनियमित किया गया था और यह 2017 में लागू हुआ था।
- ➢ इस अधिनियम ने विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 का स्थान लिया।
- ➢ इस अधिनियम में दिव्यांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के आधार पर परिभाषित किया गया है और दिव्यांगता के मौजूदा प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है।
- ➢ अधिनियम के तहत बेंचमार्क विकलांगता (Benchmark-Disability) से पीड़ित 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिये नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है।
- ➢ जिन व्यक्तियों में कम से कम 40% विकलांगता होना प्रमाणित है, उन्हें 'बेंचमार्क विकलांगता' के रूप में परिभाषित किया गया है।

## 106वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2023

लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान करने वाले 106वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2023 को संसद में 128वें संविधान संशोधन विधेयक, 2023 के रूप में पेश किया गया था। इसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नाम भी दिया गया है। इस अधिनियम को 28 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली।

- ❖ **महिलाओं के लिए आरक्षण:** यह अधिनियम लोक सभा, राज्य विधानसभाओं एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में महिलाओं के लिए यथासंभव एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है।
- ❖ यह लोक सभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा।
- ❖ **तीन नए अनुच्छेद:** अधिनियम, अनुच्छेद 239AA (दिल्ली के संबंध में विशेष प्रावधान) में संशोधन का प्रस्ताव करता है तथा तीन नए अनुच्छेद अर्थात् अनुच्छेद 330A, 332A और 334A को शामिल करता है।
- ❖ **आरक्षण की शुरुआत:** यह आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद आयोजित होने वाली जनगणना के प्रकाशन के बाद ही प्रभावी होगा। जनगणना के आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए परिसीमन किया जाएगा।
- ❖ **आरक्षण की अवधि:** महिलाओं के लिए यह आरक्षण 15 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। हालाँकि, यह संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा।

## दूरसंचार (डिजिटल भारत निधि का प्रशासन) नियम, 2024

सितंबर 2024 में, दूरसंचार विभाग द्वारा 'दूरसंचार (डिजिटल भारत निधि का प्रशासन) नियम, 2024' [Telecommunications (Administration of Digital Bharat Nidhi) Rules, 2024] अधिसूचित किये गए।

- ❖ ये नियम 'दूरसंचार अधिनियम, 2023' द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 'डिजिटल भारत निधि' (DBN) के लिए बनाए हैं।
- ❖ इन नियमों के तहत प्रशासक की शक्तियों एवं कार्यों को निर्धारित किया गया है, जो डिजिटल भारत निधि के कार्यान्वयन एवं प्रशासन संबंधी देखरेख के लिए जिम्मेदार होंगे। ये नियम डिजिटल भारत निधि (DBN) के तहत आने वाली योजनाओं एवं परियोजनाओं के लिए मानदंड और कार्यान्वयन करने वालों के लिए चयन प्रक्रिया का भी प्रावधान करते हैं।
- ❖ इन नियमों में यह भी प्रावधान है कि डिजिटल भारत निधि से रकम का आवंटन कम सेवा वाले दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार

# 10 रिपोर्ट एवं सूचकांक

## विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक 2024 रिपोर्ट

नवंबर 2024 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) ने बौद्धिक संपदा (IP) फाइलिंग में वैश्विक रुझानों को रेखांकित करते हुए 'विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक 2024' (World Intellectual Property Indicators 2024) नामक रिपोर्ट जारी की।

- रिपोर्ट के अनुसार भारत ने तीनों प्रमुख बौद्धिक संपदा अधिकारों-पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइनों के लिए वैश्विक शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त किया है।
- भारत ने 2023 में पेटेंट आवेदन करने वाले 20 मूल देशों में सबसे तेज वृद्धि (+15.7 प्रतिशत) दर्ज की, जो लगातार 5वें वर्ष दोहरे अंकों की वृद्धि को दर्शाता है।
- पेटेंट के लिए भारत 64,480 आवेदनों के साथ विश्व स्तर पर छठे स्थान पर है, जिसमें सभी दायर आवेदनों में से आधे से अधिक निवासी (रेजिडेंट) फाइलिंग (55.2 प्रतिशत) हैं। यह देश के लिए पहली बार है।
- रिपोर्ट में भारत के औद्योगिक डिजाइन अनुप्रयोगों में लगातार वृद्धि (36.4 प्रतिशत) को भी दर्शाया गया है जो भारत में उत्पाद डिजाइन, विनिर्माण और रचनात्मक उद्योगों की वृद्धि के अनुरूप है।
- वैश्विक स्तर पर भारत ट्रेडमार्क फाइलिंग में चौथे स्थान पर है, जिसमें 2023 में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत आवेदन नागरिकों (रेजिडेंट) द्वारा किए गए।
- भारत का ट्रेडमार्क कार्यालय दुनिया भर में सक्रिय पंजीकरण के मामले में दूसरे स्थान पर है।

## विश्व सौर रिपोर्ट शृंखला का तीसरा संस्करण

3-6 नवंबर, 2024 तक नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के 7वें सत्र के दौरान 'विश्व सौर रिपोर्ट' (World Solar Report) शृंखला का तीसरा संस्करण जारी किया गया।

- इस शृंखला के तहत 4 प्रमुख रिपोर्ट्स जारी की गईं- विश्व सौर बाजार रिपोर्ट, विश्व निवेश रिपोर्ट, विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट और अफ्रीकी देशों के लिए ग्रीन हाइड्रोजन रेडीनेस असेसमेंट रिपोर्ट।
- विश्व सौर बाजार रिपोर्ट (World Solar Market Report) में सौर ऊर्जा उत्पादन में हुई असाधारण वृद्धि को रेखांकित किया गया है, जिसमें वैश्विक क्षमता वर्ष 2000 में 1.22 गीगावॉट से बढ़कर 2023 में 1,418.97 गीगावॉट हो गई। सौर ऊर्जा की वैश्विक क्षमता 2030 तक 7,203 गीगावॉट तक पहुंच सकती है।
- विश्व निवेश रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा निवेश 2018 में 2.4 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 तक 3.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। सौर ऊर्जा अक्षय ऊर्जा निवेश में सबसे आगे है, जो कुल निवेश का 59% है।
- विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट में सौर प्रौद्योगिकी में प्रगति को दर्शाया गया है, जिसमें दक्षता, स्थिरता और सामर्थ्य में सफलताओं पर जोर दिया गया है।
- अफ्रीकी देशों के लिए ग्रीन हाइड्रोजन रेडीनेस असेसमेंट रिपोर्ट में स्टील और उर्वरक उत्पादन जैसे जीवाश्म ईंधन पर अत्यधिक निर्भर उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन की क्षमता पर प्रकाश डाला गया है।

## उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट, 2024

24 अक्टूबर, 2024 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने "उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट, 2024" (EGR) जारी की।

- रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक उत्सर्जन 2023 में 57.1 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य (GtCO2e) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह 2022 की तुलना में 1.3% की वृद्धि को दर्शाता है।
- कुल GHG उत्सर्जन में भारत 4,140 मीट्रिक टन (Mt) CO2 के समतुल्य उत्सर्जन के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि चीन पहले और संयुक्त राज्य अमेरिका दूसरे स्थान पर हैं।
- भारत का ऐतिहासिक (1850-2022) $CO_2$ उत्सर्जन 83 Gt $CO_2$ है। यह चीन के 300 Gt $CO_2$ और अमेरिका के 527 Gt$CO_2$ की तुलना में बहुत कम है।

**संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)**

- यह 1972 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में अग्रणी पर्यावरण प्राधिकरण है।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा UNEP का नीति-निर्माण अंग है। इसका मुख्यालय नैरोबी, केन्या है।
- UNEP की प्रमुख रिपोर्ट: अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट, वैश्विक पर्यावरण आउटलुक, वायु गुणवत्ता पर कार्रवाई, फ्रंटियर्स रिपोर्ट आदि।

## विश्व ऊर्जा आउटलुक, 2024

16 अक्टूबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा "विश्व ऊर्जा परिदृश्य 2024" (World Energy Outlook 2024) नामक रिपोर्ट जारी की गई।

- रिपोर्ट के अनुसार भारत को अगले दशक में किसी भी अन्य देश की तुलना में ऊर्जा की मांग में अधिक वृद्धि का सामना करना पड़ेगा, जिसका मुख्य कारण इसका आकार और सभी क्षेत्रों से बढ़ती मांग है।
- भारत में कुल ऊर्जा मांग 2035 तक लगभग 35% बढ़ जाएगी तथा बिजली उत्पादन क्षमता लगभग तीन गुनी बढ़कर 1400 गीगावाट हो जाएगी।

# 11 राज्य घटनाक्रम

## उत्तर प्रदेश

### उत्तर प्रदेश में DGP की नियुक्ति हेतु नये नियम

4 नवंबर, 2024 को राज्य मंत्रिमंडल ने पुलिस महानिदेशक (DGP) के स्वतंत्र और पारदर्शी चयन के लिए 'पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश चयन एवं नियुक्ति नियमावली, 2024' को मंजूरी दे दी।

- नए नियमों के तहत, राज्य के पुलिस महानिदेशक (DGP) का चयन उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया जाएगा।
- यह पहले की प्रक्रिया से अलग है, जिसके तहत राज्य द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को नामों की सूची भेजी जाती थी, जिसके द्वारा उन नामों में से चयन किया जाता था।
- इस चयन समिति में राज्य के मुख्य सचिव, यूपीएससी के एक नामित व्यक्ति, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या नामित व्यक्ति, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या प्रधान सचिव तथा राज्य के सेवानिवृत्त डीजीपी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।
- चयन हेतु पात्र होने के लिए, उम्मीदवारों के पास रिक्ति के निर्माण की तिथि पर 6 महीने की सेवा शेष होनी चाहिए।
- केवल उन अधिकारियों पर विचार किया जाएगा जो वर्तमान में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 16 पर महानिदेशक की भूमिका में कार्यरत हैं।

### सेमीकंडक्टर निर्माण से जुड़े मेगा प्रोजेक्ट को मंजूरी

4 नवंबर, 2024 को उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने HCL समूह की वामसुंदरी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड तथा हीरानंदानी ग्रुप की टार्क सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी।

- वामसुंदरी इन्वेस्टमेंट द्वारा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 3,706 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने की संभावना है।
- इस परियोजना में छोटे पैनल ड्राइवर आईसी (Panel Driver ICs) और डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट की 240,000 इकाइयां बनाने की योजना है। इस निवेश से 3,780 लोगों के लिए रोजगार सृजित होने की संभावना है।
- टार्क सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड इस क्षेत्र में अपनी इकाई में 28,440 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।
- ये दो परियोजनाएं राज्य आईटी विभाग द्वारा समर्थित हैं, और एक प्रमुख सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करेंगी।
- इस सेमीकंडक्टर परियोजना से 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष और 10,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

### उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024

- 1 अक्टूबर, 2024 शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और रोजगार को बढ़ावा देने के लिये राज्य कैबिनेट द्वारा 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' (Uttar Pradesh Higher Education Incentive Policy, 2024) को मंजूरी दी गई।
- नीति का उद्देश्य राज्य के युवाओं के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है।
- इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ भी दिये जाएंगे।
- इसके साथ ही राज्य कैबिनेट द्वारा मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी मंजूरी दी गई।
- इसके तहत 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा मथुरा में केडी यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी, जबकि 'विद्या बाल मंडली' द्वारा मेरठ में 42.755 एकड़ परिसर में विद्या यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को मंजूरी

1 अक्टूबर, 2024 को राज्य कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (Mukhyamantri Yuva Udyami Vikas Abhiyan) को मंजूरी दी।

- यह योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है।
- स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये सूक्ष्म उद्यमों और सेवा क्षेत्र में परियोजनाओं के लिये 5 लाख रुपए तक के ऋण पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- इस योजना के तहत अगले 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिसके माध्यम से प्रदेश के एक लाख शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को हर वर्ष वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- योजना में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और आकांक्षी जिलों जैसे चित्रकूट, चन्दौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती और बहराइच के लाभार्थियों के लिए भी विशेष प्रावधान किये गए हैं।
- इस योजना में ऋण पर 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज उपदान दिया जाएगा और लोन की तिथि से 6 माह की अधिस्थगन अवधि भी मिलेगी।

# 12 खेल घटनाक्रम

## खेल व्यक्तित्व

### ऋद्धिमान साहा

- 3 नवंबर, 2024 को भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि वे मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में आखिरी बार खेलेंगे। रिद्धिमान साहा ने वर्ष 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था।
- साहा का टेस्ट क्रिकेट में शानदार करियर रहा है, उन्होंने भारत के लिए 40 टेस्ट मैच खेले हैं और तीन शतकों सहित 1,353 रन बनाए हैं। उन्होंने 9 वनडे मैच भी खेले हैं।

### रविचंद्रन अश्विन

- 24 अक्टूबर, 2024 को भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज गेंदबाज नाथन लियोन को पीछे छोड़ते हुए ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।
- रविचंद्रन अश्विन ने नाथन लियोन के 129 मैचों में 530 विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 104 मैचों में 23.75 की औसत से 531 विकेट लिए हैं।
- इस प्रकार वे टेस्ट क्रिकेट में सातवें सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/59 रहा।

### जसप्रीत बुमराह

- 20 सितंबर, 2024 को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के 10वें गेंदबाज बन गए।
- बुमराह ने यह उपलब्धि चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट मैच के दौरान हासिल की।
- इस उपलब्धि के साथ, बुमराह के अंतरराष्ट्रीय विकेटों की संख्या अब 196 मैचों में 401 हो गई है।
- अनिल कुंबले (953 विकेट), रविचंद्रन अश्विन (744 विकेट) और हरभजन सिंह (707 विकेट) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### शिखर धवन

- 24 अगस्त, 2024 को शिखर धवन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।
- धवन ने 269 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 24 शतक (वनडे में 17 और टेस्ट में 7) बनाए है।
- 38 वर्षीय धवन का अंतरराष्ट्रीय करियर 12 साल से अधिक रहा, जिसमें उन्होंने कुल 10,867 रन बनाए।

### पीआर श्रीजेश

- 8 अगस्त, 2024 को हॉकी इंडिया ने सेवानिवृत्त गोलकीपर पीआर श्रीजेश को जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अगले मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति की घोषणा की।
- 2017 में उन्हें भारत का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री मिला और 2021 में उन्हें देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया गया।

### विनेश फोगाट

- 7 अगस्त, 2024 को महिलाओं की 50 किलोग्राम श्रेणी में अधिक वजन होने के कारण विनेश फोगाट को पेरिस 2024 ओलंपिक कुश्ती प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया।
- प्रत्येक भार वर्ग दो प्रतियोगिता दिनों में आयोजित किया जाता है।
- विनेश फोगाट पहले दिन प्रतियोगिता के लिए पात्र थीं, लेकिन दूसरे दिन उनका वजन 50 किलोग्राम से थोड़ा अधिक था।

### अभिनव बिंद्रा

- 22 जुलाई, 2024 को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया।
- अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा जीती और व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्ति हैं।

### युकी भांबरी

- 21 जुलाई, 2024 को भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने स्विस ओपन गस्टाड 2024 (Swiss Open 2024) पुरुष युगल खिताब जीता।
- युकी भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने फैब्रिस मार्टिन और उगो हम्बर्ट की फ्रांसीसी जोड़ी को हराकर खिताब जीता।
- 15 से 21 जुलाई 2024 के मध्य स्विस ओपन 2024 स्विट्जरलैंड के गस्टाड शहर में आयोजित किया गया था।

### कुश मैनी

- 20 जुलाई, 2024 को भारत के कुश मैनी ने हंगरी ग्रैंड प्रिक्स में अपनी पहली फार्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीती।
- कुश मैनी ने अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल फेडरेशन (FIA) फॉर्मूला 2 चैम्पियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की, और यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

### गौतम गंभीर

- 9 जुलाई, 2024 को भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया।

# 14 निधन

- **वरदराव कमलाकर रावः** 11 नवंबर, 2024 को विश्व प्रसिद्ध मृदंगम विद्वान वरदराव कमलाकर राव का राजमुंदरी में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उन्हें केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी नवाजा गया था।
- **पं. राम नारायणः** 9 नवंबर, 2024 को प्रतिष्ठित सारंगी वादक पंडित राम नारायण का मुंबई में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री नारायण, एक प्रतिष्ठित हिंदुस्तानी संगीतकार थे, जिन्हें पद्म विभूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।
- **डॉ. बिबेक देबरॉयः** 1 नवंबर, 2024 को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय का 69 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया।
- **रतन टाटाः** 9 अक्टूबर, 2024 को टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा का 86 वर्ष की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। रतन टाटा एक भारतीय उद्योगपति और टाटा संस (Tata Sons) के पूर्व चेयरमैन थे। 1990 से 2012 तक वह टाटा समूह के चेयरमैन रहे और अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन बने। इन्हें 2008 में पद्म विभूषण और 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
- **डॉ. पी. वेणुगोपालः** 8 अक्टूबर, 2024 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के पूर्व निदेशक डॉ. पी. वेणुगोपाल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इन्होंने भारत का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया और अपने करियर में 50,000 से अधिक हृदय शल्य चिकित्सा का नेतृत्व किया। उन्होंने 2023 में अपनी पत्नी के साथ संयुक्त रूप से अपना संस्मरण "हार्टफेल्ट" (Heartfelt) प्रकाशित किया।
- **अरुणा वासुदेवः** 4 सितंबर, 2024 को प्रसिद्ध भारतीय फिल्म विद्वान, आलोचक, फेस्टिवल क्यूरेटर अरुणा वासुदेव का 88 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया। उन्होंने स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन नेटवर्क फॉर द प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा (NETPAC) की स्थापना 1991 में की।
- **गिरीश साहनीः** 19 अगस्त, 2024 को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के पूर्व महानिदेशक गिरीश साहनी का 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने प्रोटीन कार्डियोवैस्कुलर दवाओं, विशेष रूप से क्लॉट बस्टर्स (Clot Busters) और मानव शरीर के भीतर उनके तंत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने भारत की पहली स्वदेशी क्लॉट बस्टर दवा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्तिः** 3 अगस्त, 2024 को भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति का 84 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया। यामिनी कृष्णमूर्ति का जन्म 20 दिसंबर, 1940 को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के मदनपल्ली में हुआ था।
- **पंडित राजीव तारानाथः** 11 जून, 2024 को पंडित राजीव तारानाथ का कर्नाटक के मैसूरू में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। तारानाथ हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध सरोद वादक थे।
- **ए.जे.टी. जॉनसिंहः** 7 जून, 2024 को प्रसिद्ध भारतीय वन्यजीव जैव-वैज्ञानिक 'असीर जवाहर थॉमस जॉनसिंह' (AJT Johnsingh) का 78 वर्ष की आयु में कर्नाटक के बेंगलुरु में निधन हो गया। 1980 के दशक की शुरुआत में हाथियों पर उनके अग्रणी कार्य ने भारत सरकार को प्रोजेक्ट एलीफेंट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **मालती जोशीः** 15 मई, 2024 को वयोवृद्ध लेखिका, कहानीकार एवं पद्म श्री प्राप्तकर्ता मालती जोशी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी कुछ सबसे लोकप्रिय कृतियों में "मध्यांतर", "पटाक्षेप", "पराजय", "एक घर सपनों का", "वो तेरा घर, ये मेरा घर" और उनका उपन्यास "औरत एक रात है" शामिल हैं।
- **सुब्रमण्यम धारेश्वरः** 25 अप्रैल, 2024 को प्रसिद्ध यक्षगान कलाकार सुब्रमण्यम धारेश्वर (Subrahmanya Dhareshwar) का 67 वर्ष की उम्र में बेंगलुरु में निधन हो गया। यक्षगान पारंपरिक लोक नृत्य का एक रूप है जो कर्नाटक के तटीय जिलों और केरल के कासरगोड जिले में लोकप्रिय है।
- **सुधीर कक्कड़ः** 22 अप्रैल, 2024 को "भारतीय मनोविज्ञान के जनक" के रूप में प्रसिद् सुधीर कक्कड़ का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इन्होने भारत में मनोविश्लेषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, मानव व्यवहार और संस्कृति की जटिलताओं की खोज की।
- **पीटर हिग्सः** 8 अप्रैल, 2024 को नोबेल पुरस्कार विजेता, ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी पीटर हिग्स का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पीटर हिग्स, 'हिग्स-बोसोन पार्टिकल' या 'गॉड पार्टिकल' की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं, इन्होने 1964 में हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी की थी। हिग्स ने फ्रेंकोइस एंगलर्ट के साथ अपने कार्य के लिए वर्ष 2013 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया था।
- **सादी मोहम्मदः** रवीन्द्र संगीत के प्रसिद्ध गायक सादी मोहम्मद का 14 मार्च, 2024 को बांग्लादेश के ढाका में निधन हो गया। रवीन्द्र संगीत, रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित एक संगीत विधा है, जिन्होंने सामान्य रूप से भारत और विशेष रूप से बंगाल की संगीत अवधारणा में एक नया आयाम जोड़ा।
- **पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंगः** 10 फरवरी, 2024 को ध्रुपद गायक पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग का पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने से पूर्व निधन हो गया। 26 जनवरी, 2024 की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने पंडित लक्ष्मण भट्ट को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की थी।

# 15 पुरस्कार एवं सम्मान

## 2024 का बुकर पुरस्कार

12 नवंबर 2024 को, ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे (Samantha Harvey) ने अपने उपन्यास ऑर्बिटल के लिए बुकर पुरस्कार 2024 (Booker Prize 2024) जीता, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर आधारित एक चिंतनशील कृति है।

- बुकर पुरस्कार उन लेखकों को दिया जाता है, जिन्होंने बेहतरीन उपन्यास लिखे हैं और जिन्हें यू.के. में प्रकाशित किया गया है।
- इसकी शुरुआत 1969 में हुई थी, और इसमें जजों का एक पैनल होता है जो लॉन्गलिस्ट के लिए लगभग 12-13 पुस्तकें और शॉर्टलिस्ट के लिए 5 पुस्तकें चुनता है।
- विजेता को 50,000 पाउंड (INR 55,32,555) और उनकी रचना के लिए एक वैश्विक मंच मिलता है।

## नोबेल पुरस्कार 2024

अक्टूबर 2024 में भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य, शांति और अर्थशास्त्र विषयों में नोबेल पुरस्कार-2024 की घोषणा की गई।

- नोबेल फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्ष शांति, साहित्य, भौतिकी, रसायन, चिकित्सा विज्ञान और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में नोबेल फाउंडेशन द्वारा वर्ष 1901 में यह पुरस्कार शुरू किया गया था।
- अवगत करा दें कि अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार बाकी पुरस्कारों से थोड़ा अलग है, क्योंकि इसकी रचना अल्फ्रेड नोबेल ने नहीं की थी। अर्थशास्त्र के क्षेत्र में यह पुरस्कार 1986 से प्रदान किया जा रहा है।

| श्रेणी | नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता | योगदान |
|---|---|---|
| भौतिकी विज्ञान | जॉन हॉपफील्ड और जेओफ्री हिंटन | कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम करने वाली आधारभूत खोजों और आविष्कारों के लिए। |
| रसायन विज्ञान | डेविड बेकर, जॉन जम्पर और डेमिस हसाबिस | - डेविड बेकर को 'कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन के लिए'। - डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को 'प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी के लिए।' |
| चिकित्सा विज्ञान | विक्टर एम्ब्रोज और गैरी रुवकुन | माइक्रो RNA की खोज व पोस्ट-ट्रांसक्रिप्शनल जीन विनियमन में इसकी भूमिका के लिए। |
| साहित्य | हान कांग | उनके प्रखर काव्यात्मक गद्य के लिए। |
| शांति | निहोन हिदांक्यो (जापानी संगठन) | परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व बनाने के प्रयासों के लिए और गवाहों की गवाही के माध्यम से यह प्रदर्शित करने के लिए कि परमाणु हथियारों का दोबारा कभी इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। |
| अर्थशास्त्र | डैरोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन | इस बात के अध्ययन के लिए कि संस्थाएं कैसे बनती हैं और समृद्धि को कैसे प्रभावित करती हैं। |

## 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023

22 अक्टूबर, 2024 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान किए।

- जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 9 श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं को सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिशा को दिया गया, जबकि उत्तर प्रदेश को दूसरा तथा गुजरात और पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

### अन्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता

- **सर्वश्रेष्ठ जिला-**
  - दक्षिण क्षेत्र: विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)
  - उत्तर पूर्व क्षेत्र: धलाई (त्रिपुरा)
  - उत्तर क्षेत्र: बांदा (उत्तर प्रदेश) [संयुक्त विजेता]
  - उत्तर क्षेत्र: गांदरबल (जम्मू-कश्मीर) [संयुक्त विजेता]
  - पश्चिम क्षेत्र: इंदौर (मध्य प्रदेश)
  - पूर्व क्षेत्र: बलांगीर (ओडिशा)
  - **सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत (प्रथम स्थान):** पुलमपारा, केरल
  - **सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय (प्रथम स्थान):** सूरत, गुजरात

## 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

8 अक्टूबर, 2024 को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों में '70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' (70th National Film Awards) प्रदान किये।

- उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी प्रदान किया।
- वर्ष 2022 के लिए 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा जूरी द्वारा 16 अगस्त 2024 को की गई थी।

# 16 युद्धाभ्यास

| अभ्यास | संबंधित देश/सशस्त्र बल | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| ऑस्ट्राहिंद का तीसरा संस्करण (8-21 नवंबर 2024 तक) | भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास | पुणे (महाराष्ट्र) |
| 'वज्र प्रहार' का 15वां संस्करण (2-22 नवंबर, 2024 के मध्य) | भारत और अमेरिका की स्पेशल फोर्सेज का संयुक्त सैन्य अभ्यास | इडाहो, अमेरिका |
| सिम्बेक्स का 31वां संस्करण (23-29 अक्टूबर 2024 तक) | भारत और सिंगापुर के मध्य समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास | पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम |
| अभ्यास 'सागर कवच' का दूसरा संस्करण (16-17 अक्टूबर, 2024) | भारतीय तटरक्षक बल का तटीय सुरक्षा अभ्यास | गुजरात और दमन एवं दीव |
| मालाबार अभ्यास-2024 (8-18 अक्टूबर 2024) | भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया, और जापान के मध्य (नौसैनिक अभ्यास) | विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) |
| इब्सामार (IBSAMAR) का 8वां संस्करण (6-18 अक्टूबर, 2024) | भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका के मध्य (नौसैनिक अभ्यास) | दक्षिण अफ्रीका का साइमन टाउन |
| अभ्यास काजिन्द का 8वां संस्करण (30 सितंबर से 13 अक्टूबर, 2024) तक | भारत-कजाखस्तान के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास | औली (उत्तराखंड) |
| नसीम-अल-बहर (13 - 18 अक्टूबर, 2024) | भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास | गोवा |
| संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अल नजाह' का 5वां संस्करण (13-26 सितंबर, 2024) | भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास | ओमान के सलालाह में रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में |
| युद्ध अभ्यास (YUDH ABHYAS) का 20वां संस्करण (9-22 सितंबर, 2024) | भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास | राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में |
| अभ्यास 'वरुण' का 22वां संस्करण (2-4 सितंबर, 2024) | भारत-फ्रांस द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास | भूमध्य सागर |
| तरंग शक्ति-2024 का दूसरा चरण (30 अगस्त से 14 सितंबर, 2024) | ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कुल 10 देशों की वायु सेनाओं ने भाग लिया। | जोधपुर |
| तरंग शक्ति-2024 का पहला चरण (6-14 अगस्त, 2024) | फ्रांस, जर्मनी, स्पेन एवं ब्रिटेन के मध्य वायु अभ्यास | तमिलनाडु के सुलूर में |
| मित्र शक्ति अभ्यास (12-25 अगस्त, 2024) | भारतीय सेना और श्रीलंकाई सेना के बीच वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास | श्रीलंकाई सेना प्रशिक्षण स्कूल, मदुरू ओया |
| उदार शक्ति अभ्यास (5-9 अगस्त, 2024) | भारतीय वायु सेना (IAF) और रॉयल मलेशियाई वायु सेना (RMAF) के मध्य | कुआंतन, मलेशिया |
| अभ्यास होपेक्स (HOPEX) (21-26 जून, 2024) | भारतीय वायु सेना और मिस्र की वायु सेना के मध्य | मिस्र |
| अभ्यास जिमेक्स-24 (JIMEX-24 का 8वां संस्करण (11 जून, 2024) | जापान-भारत समुद्री अभ्यास | जापान के योकोसुका में |
| अभ्यास रेड फ्लैग का दूसरा संस्करण (4 से 14 जून, 2024) | अमेरिकी वायु सेना द्वारा वर्ष में चार बार आयोजित बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास। भारतीय वायु सेना ने भी भाग लिया। | संयुक्त राज्य अमेरिका के अलास्का में स्थित एइलसन एयर फोर्स बेस में |
| अभ्यास शक्ति (13-26 मई, 2024) | भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास (द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम) | मेघालय के उमरोई में |

17

# पोर्टल एवं ऐप

| पोर्टल/ऐप | जारीकर्ता | उद्देश्य/संबंधित तथ्य |
|---|---|---|
| नो योर मेडिसिन (KYM) ऐप | राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (NADA) | एथलीटों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना, ताकि उन्हें डोपिंग से बचने और निष्पक्ष खेल बनाए रखने में मदद मिले |
| ई-माइग्रेट पोर्टल | विदेश मंत्रालय और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय | विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे भारतीय श्रमिकों के प्रवास को सुविधाजनक बनाने और प्रबंधित करने के लिए ऑनलाइन मंच |
| डिजिटल प्लेटफॉर्म 'भास्कर' | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) | स्टार्टअप, निवेशकों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और सरकारी निकायों सहित उद्यम संबंधी इकोसिस्टम के भीतर प्रमुख हितधारकों के बीच सहयोग को केन्द्रीकृत, सुव्यवस्थित करने और बढ़ाने के लिए |
| कृषि निवेश पोर्टल | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और नवाचार को प्रोत्साहन प्रदान करना |
| शी-बॉक्स पोर्टल | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने और निगरानी के लिए केंद्रीकृत मंच |
| राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर पोर्टल | केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय | भारत में पंजीकरण के लिए पात्र सभी एमबीबीएस डॉक्टरों के पंजीकरण के लिए |
| थर्मल परियोजनाओं का ऑनलाइन निगरानी पोर्टल (PROMPT) | केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय | भारत में निर्माणाधीन थर्मल पावर परियोजनाओं के वास्तविक समय विश्लेषण और ट्रैकिंग की ऑनलाइन सुविधा के लिए |
| पावर सेक्टर के लिए आपदा रोधी अवसंरचना (DRIPS) | केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय | चक्रवात, भूकंप, बाढ़ आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश में बिजली व्यवधानों की तुरंत पहचान करने के लिए |
| ई-साक्ष्य (e-Sakshya) | केंद्रीय गृह मंत्रालय | सभी गवाही, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी ई-साक्ष्य सर्वर पर सेव करने के लिए |
| न्याय सेतु (Nyaya Setu) | केंद्रीय गृह मंत्रालय | पुलिस, चिकित्सा, फोरेंसिक, अभियोजन और जेल अधिकारियों को जोड़ने के लिए |
| न्याय श्रुति (Nyaya Shruti) | केंद्रीय गृह मंत्रालय | अदालत को वीडियोकांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाहों को सुनने में सक्षम बनाने के लिए |
| ई-समन (e-Summon) | केंद्रीय गृह मंत्रालय | अदालतों, पुलिस स्टेशनों और संबंधित व्यक्तियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन भेजने के लिए |
| राष्ट्रीय जिला खनिज फाउंडेशन (DMF) पोर्टल | केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्रालय | डीएमएफ डेटा तक पहुंच को सुविधाजनक बनाना तथा इसके अंतर्गत विकास और उपयोग को ट्रैक करना |
| एमएसएमई-सहज" (MSME-Sahaj) पोर्टल | भारतीय स्टेट बैंक (SBI) | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के इनवॉइस वित्तपोषण के लिए एक वेब-आधारित डिजिटल व्यवसाय ऋण समाधान |
| निर्माण पोर्टल | केन्द्रीय कोयला तथा खान मंत्रालय | राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा के उम्मीदवारों को पुरस्कृत करने की उत्कृष्ट पहल |
| भुवन पंचायत जियोपोर्टल | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय | ग्राम पंचायत स्तर तक स्थानिक नियोजन से संबंधित शासन और अनुसंधान पहलों में अंतरिक्ष-आधारित जानकारी के एकीकरण और उपयोग का समर्थन करने के लिए |
| NDEM जियोपोर्टल | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय | प्राकृतिक आपदाओं पर अंतरिक्ष-आधारित इनपुट प्रदान करने के लिए |
| मोबाइल ऐप 'सा₹थी 2.0' | भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) | यह जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक उपकरणों के साथ एक उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस पेश करता है। |

# 18 केन्द्रीय बजट 2024–25

- 23 जुलाई, 2024 को पेश 'केन्द्रीय बजट 2024-25' में सभी के लिए पर्याप्त अवसरों के सृजन हेतु कितनी प्राथमिकताओं के संबंध में स्थायी प्रयासों की परिकल्पना की गई है? **- 9**
- केन्द्रीय बजट 2024-25 में ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियों का अनुमान है? **- 32.07 लाख करोड़ रुपये**
- केन्द्रीय बजट 2024-25 में कुल व्यय का अनुमान है? **- 48.21 लाख करोड़ रुपये**
- केन्द्रीय बजट 2024-25 में सकल कर प्राप्ति का अनुमान है? **- 25.83 लाख करोड़**
- केन्द्रीय बजट 2024-25 में वित्तीय घाटा रहने का अनुमान है? **- जीडीपी का 4.9 प्रतिशत**
- 2023-24 के 2.6% संशोधित अनुमान की तुलना में बजट 2024-25 में राजस्व घाटा रहने का अनुमान है? **- 1.8%**
- 2023-24 के 1.6% संशोधित अनुमान की तुलना में बजट 2024-25 में प्रभावी राजस्व घाटा रहने का अनुमान है? **- 0.6%**
- 2023-24 के 5.6% संशोधित अनुमान की तुलना में बजट 2024-25 में राजस्व घाटा रहने का अनुमान है? **- 4.9%**
- 2023-24 के 2.0% संशोधित अनुमान की तुलना में बजट 2024-25 में प्राथमिक घाटा रहने का अनुमान है? **- 1.4%**
- केन्द्रीय राजस्व में रुपया सर्वाधिक 5 किस स्रोतों से आता है? **- उधार एवं अन्य देयताएं ( 27 पै. ), आय कर ( 19 पै. ), GST ( 18 पै. ), निगम कर ( 17 पै. ) एवं ऋण भिन्न प्राप्तियां ( 9 पै. )**
- केन्द्रीय राजस्व में रुपया सर्वाधिक किस 3 स्रोतों पर व्यय किया जाता है? **- करों एवं शुल्कों में राज्य का हिस्सा ( 21 पै. ), ब्याज अदायगी ( 19 पै. ) एवं केन्द्रीय क्षेत्र की योजना ( 16 पै. )**

> ✦ संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार बजट को सरकार का वार्षिक वित्तीय विवरण कहा जाता है। **- अनुच्छेद 112**
> ✦ वित्त मंत्रालय का कौन सा विभाग बजट तैयार करने के लिए जिम्मेदार नोडल निकाय है। **- आर्थिक मामलों का विभाग**

- कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए कितने लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है? **- 1.52 लाख करोड़ रुपये**
- किसानों की खेतीबाड़ी के लिए कितनी कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी? **- 32**
- तीन साल में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने हेतु कृषि में किसको लागू किया जाएगा? **- डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ( डीपीआई )**
- प्राकृतिक खेती के लिए कितने आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे? **- 10,000**
- प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में 'रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन' के लिए कहां पर पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन जिसे तीन किस्तों में दिया जाएगा? **- EPFO में**
- प्रधानमंत्री के पैकेज के तहत पांच साल की अवधि में कितने युवाओं के कौशल विकास के लिए केन्द्र प्रायोजित नई योजना शुरू की जाएगी? **- 20 लाख**
- महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए कुल कितने रुपये का आवंटन किया गया? **- 3 लाख करोड़ रुपये**
- किस अभियान के तहत जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विकास किया जाएगा, जिसमें 63,000 गांवों के 5 करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे? **- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान**
- मुद्रा लोन 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋणों की सीमा को जिन्होंने पहले के ऋणों को सफलतापूर्वक चुका दिया है, उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर कितना कर दिया जाएगा? **- 20 लाख रुपये**
- खरीददारों को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर कितना कर दिया गया? **- 250 करोड़ रुपये**
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत अगले पांच वर्ष में कितने शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान किया जाएगा? **- 1 करोड़**
- उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके परिपूर्ण 800 मेगावाट का वाणिज्यिक संयंत्र स्थापित करने के लिए किसके बीच एक संयुक्त उद्यम प्रस्तावित है? **- एनटीपीसी और बीएचईएल**
- 'हार्ड टू एबेट' उद्योगों को वर्तमान के 'परफॉर्म, एचीव एंड ट्रेड' पद्धति से किस पद्धति में परिवर्तित करने के लिए उपयुक्त विनियम किया जाएगा? **- 'इंडियन कार्बन मार्केट'**
- केंद्र सरकार द्वारा अवसंरचना में पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जो जीडीपी का कितना प्रतिशत है? **- 3.4 प्रतिशत**
- राज्य सरकारों द्वारा अवसंरचना में निवेश हेतु उनके संसाधन आवंटन में सहायता करने के लिए इस वर्ष कितनी राशि को ब्याज रहित दीर्घावधि ऋण का प्रावधान है? **- 1.5 लाख करोड़ रुपये**
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने हेतु योजना का कौन-सा चरण आरंभ किया जाएगा? **- चरण IV**
- अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 5 गुणा बढ़ाने पर निरन्तर जोर देते हुए कितने रुपये की उद्यम पूंजी निधि का प्रावधान है? **- 1,000 करोड़**

# 19 आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24

- आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में कब पेश किया गया? **– 22 जुलाई 2024 को**
- आर्थिक सर्वेक्षण को कितने अध्यायों में विभाजित किया गया है? **– 13**

**1. आर्थिक स्थिति - स्थिर**

- आर्थिक समीक्षा में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में कितना प्रतिशत रहने का अनुमान है? **– 6.5 से 7 प्रतिशत**
- भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024 में कितना प्रतिशत रही? **– 8.2 प्रतिशत**
- आपूर्ति के मोर्चे पर सकल मूल्य वर्धन (GVA) की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024 में 7.2 प्रतिशत (2011-12 के मूल्यों पर) रही और स्थिर मूल्यों पर शुद्ध कर संग्रह वित्त वर्ष 2024 में कितना प्रतिशत बढ़ गया? **– 19.1**
- चालू खाता घाटा (CAD) वित्त वर्ष 2023 के 2.0 प्रतिशत के CAD की तुलना में वित्त वर्ष 2024 के दौरान जीडीपी का कितना प्रतिशत रहा? **– 0.7**

**2. मौद्रिक प्रबंधन और वित्तीय मध्यस्थता**

- मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने वित्त वर्ष 2024 में पॉलिसी रेपो रेट को कितने प्रतिशत पर यथावत रखा? **– 6.5**
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) का कर्ज वितरण मार्च 2024 के आखिर में 20.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कितना रहा? **– 164.3 लाख करोड़ रुपये**

**3. कीमतें और मुद्रास्फीति**

- रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई दर कम होकर कितना प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है? **– क्रमशः 4.5 और 4.1 प्रतिशत**
- आईएमएफ ने भारत के लिए महंगाई दर को 2024 में 4.6 प्रतिशत और 2025 में कितना प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है? **– 4.2**

**4. बाह्य क्षेत्र**

- विश्व बैंक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में भारत की स्थिति 2018 के 44वें स्थान से बेहतर होकर 2023 में किस पायदान पर पहुंच गई? **– 38वें**
- व्यापारिक आयात में कमी और सेवा निर्यात वृद्धि ने चालू खाता घाटे में सुधार किया है, जो वित्त वर्ष 2024 में घटकर कितना प्रतिशत रह गया है? **– 0.7**

**5. मध्य अवधि दृष्टिकोण-न्यू इंडिया के लिए विकास रणनीति**

- अमृतकाल की विकास रणनीति निजी निवेश को प्रोत्साहन, MSME का विस्तार, विकास के इंजन के रूप में कृषि, ऊर्जा बदलाव के लिए हरित स्रोतों को अपनाने हेतु वित्त पोषण, शिक्षा-रोजगार के बीच के अंतर को कम करना तथा किस प्रमुख क्षेत्र पर आधारित है? **– राज्यों का क्षमता निर्माण**

**6. जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा स्रोतों में बदलाव को अपनाना**

- 31 मई, 2024 तक स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी कितना प्रतिशत हो गई है? **– 45.4%**
- गिग कार्यबल का 2029-30 तक बढ़कर कितना होने का अनुमान है? **– 2.35 करोड़**

**7. सामाजिक क्षेत्र**

- किस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों में विश्व का सबसे बड़ा, सार्वभौमिक, उच्च गुणवत्ता युक्त प्री-स्कूल नेटवर्क विकसित करना है? **– पोषण भी पढ़ाई भी**
- पीएम-आवास-ग्रामीण के तहत पिछले नौ साल में गरीबों के लिए कितने करोड़ आवासों का निर्माण किया गया? **– 2.63 करोड़**

**8. रोजगार और कौशल विकास**

- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार 45 प्रतिशत से अधिक कार्यबल कृषि क्षेत्र में, 11.4 प्रतिशत विनिर्माण क्षेत्र में, 28.9 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में और कितने प्रतिशत निर्माण क्षेत्र में नियुक्त है? **– 13.0 प्रतिशत**
- पीएलएफएस के अनुसार (15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग में) युवा बेराजगारी दर 2017-18 के 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में कितनी हो गई? **– 10 प्रतिशत**

**9. कृषि और खाद्य प्रबंधन**

- कृषि और संबद्ध क्षेत्र ने पिछले पांच वर्षों में स्थिर मूल्यों पर कितने प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की है? **– 4.18**
- 31 जनवरी, 2024 तक कुल कृषि भुगतान कितना था? **– 22.84 लाख करोड़**

**10. मध्यम एवं लघु उद्योग**

- भारत का फार्मास्युटिकल बाजार मात्रा के अनुसार विश्व का सबसे बड़ा बाजार है? **– तीसरा**
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा कपड़ा विनिर्माता है? **– दूसरा**

**11. सेवाएं**

- वैश्विक स्तर पर, भारत का सेवा निर्यात 2022 में दुनिया के वाणिज्यिक सेवा निर्यात का कितना प्रतिशत था? **– 4.4**
- भारत के ई-वाणिज्य उद्योग के कब तक 350 अरब अमरीकी डॉलर पार कर जाने की उम्मीद है? **– 2030**

**12. अवसंरचना**

- भारत का दर्जा विश्व बैंक लॉजिस्टिक्स कार्य निष्पादन सूचकांक की अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट कैटगरी में 2014 में 44वें स्थान से 2023 में किस स्थान पर हो गया है? **– 22वें**
- भारत में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 2014 और 2023 के बीच कितने का नया निवेश हुआ है? **– 8.5 लाख करोड़**

**13. जलवायु परिवर्तन और भारत**

- कौन सा मिशन अत्यधिक खपत की तुलना में सावधानी के साथ खपत को बढ़ावा देता है? **– मिशन लाइफ**

# 20

# अंतरराष्ट्रीय संगठन

| वर्ष 2024 के दौरान चर्चा में रहे अंतरराष्ट्रीय संगठन | | | |
|---|---|---|---|
| **संस्थान/संगठन** | **स्थापना** | **मुख्यालय** | **अध्यक्ष/महासचिव/ महानिदेशक/प्रमुख** |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) | 1919 | जिनेवा (स्विट्जरलैंड) | गिल्बर्ट हौंगबो |
| ➢ इंटरपोल (INTERPOL) | 1923 | लियोन्स(फ्रांस) | अहमद नासर अल-रईसी |
| ➢ राष्ट्रमंडल (Commonwealth) | 1931 | लंदन (यू.के.) | पेट्रीसिया स्कॉटलैंड |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) | 1945 | न्यूयॉर्क(अमेरिका) | एंटोनियो गुटरेस |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) | 1945 | वाशिंगटन डी.सी. | क्रिस्टालिना जॉर्जीवा |
| ➢ विश्व बैंक (World Bank) | 1945 | वाशिंगटन डी.सी. | अजय बंगा |
| ➢ खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) | 1945 | रोम (इटली) | क्यू डोंग्यू |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) | 1945 | हेग (नीदरलैंड) | नवाफ सलाम |
| ➢ यूनेस्को (UNESCO) | 1945 | पेरिस (फ्रांस) | आंद्रे अजोले |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) | 1946 | न्यूयार्क | कैथरीन रसेल |
| ➢ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) | 1948 | जिनेवा(स्विट्जरलैंड) | टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस |
| ➢ आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) | 1961 | पेरिस (फ्रांस) | मैथियास कॉर्मन |
| ➢ नाटो (NATO) | 1949 | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) | मार्क रुट |
| ➢ यूरोपियन संघ (EU) | 1958 | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) | उर्सुला वॉन डेर लेयेन |
| ➢ ओपेक (OPEC) | 1960 | वियना (आस्ट्रिया) | हैथम अल घैस |
| ➢ गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) | 1961 | जकार्ता (इंडोनेशिया) | योवेरी मुसेवेनी |
| ➢ एमनेस्टी इंटरनेशनल | 1961 | लंदन (यू. के.) | एग्नेस कैलमर्ड |
| ➢ संयुक्ट राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) | 1965 | न्यूयार्क | अचीम स्टेनर |
| ➢ एशियाई विकास बैंक (ADB) | 1966 | मनीला (फिलिपींस) | मसात्सुगु असकावा |
| ➢ न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) | 2014 | शंघाई (चीन) | डिल्मा रूसेफ |
| ➢ दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों का संघ (ASEAN) | 1967 | जकार्ता(इंडोनिशया) | काओ किम हॉउन |
| ➢ दक्षेस (SAARC) | 1985 | काठमाण्डू (नेपाल) | गुलाम सरवर |
| ➢ एपेक (APEC) | 1989 | सिंगापुर | डॉ रेबेका फातिमा स्टा मारिया |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (UNHRC) | 2006 | जिनेवा (स्विट्जरलैंड) | उमरनाइबर |
| ➢ विश्व व्यापार संगठन (WTO) | 1995 | जेनेवा (स्विट्जरलैंड) | नगोजी ओकोन्जो-इवेला |
| ➢ बिम्सटेक (BIMSTEC) | 1997 | ढ़ाका (बांग्लादेश ) | इन्द्रमणि पांडेय |
| ➢ शंघाई सहयोग संगठन (SCO) | 2001 | बीजिंग ( चीन) | झांग मिंग |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) | 2002 | हेग, (नीदरलैंड) | तोमोको अकाने |
| ➢ अफ्रिकी संघ (AU) | 2002 | अदीस अबाबा (इथियोपिया) | मोहम्मद औलद शेख अल-गजौनी |
| ➢ ब्रिक्स (BRICS) | 2009 | शंघाई (चीन) | ब्लादिमीर पुतिन |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) | 2015 | गुरुग्राम (भारत) | अजय माथुर |

# 21 महत्वपूर्ण दिवस

| तिथि | दिवस | विषय |
|---|---|---|
| 5 नवंबर, 2024 | विश्व सुनामी जागरूकता दिवस | लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ना |
| 8 नवंबर, 2024 | विश्व रेडियोग्राफी दिवस | रेडियोग्राफर्स: अदृश्य को देखना |
| 12 नवंबर, 2024 | विश्व निमोनिया दिवस | हर सांस कीमती है: न्यूमोनिया को रोकें |
| 14 नवंबर, 2024 | राष्ट्रीय बाल दिवस | हर बच्चे के लिए, हर अधिकार |
| 4-10 अक्टूबर, 2024 | विश्व अंतरिक्ष सप्ताह | स्पेस एंड क्लाइमेटिक चेंज |
| 5 अक्टूबर, 2024 | विश्व शिक्षक दिवस | शिक्षकों की आवाज को महत्व देना: शिक्षा के लिए एक नए सामाजिक अनुबंध की ओर |
| 14 अक्टूबर, 2024 | विश्व मानक दिवस | एक बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण: बदलती जलवायु के लिए |
| 23 अक्टूबर, 2024 | विश्व हिम तेंदुआ दिवस | भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिम तेंदुओं के आवासों की सुरक्षा करना |
| 2 सितंबर, 2024 | विश्व नारियल दिवस | कोकोनट फॉर ए सर्कुलर इकॉनमी: बिल्डिंग पार्टनरशिप फॉर मैक्सिमम वैल्यू |
| 8 सितंबर, 2024 | अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस | प्रमोटिंग मल्टीलिंगुअल एजुकेशन: लिटरेसी फॉर म्यूच्यूअल अंडरस्टैंडिंग एंड पीस |
| 16 सितंबर, 2024 | विश्व ओजोन दिवस | मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना |
| 17 सितंबर, 2024 | विश्व रोगी सुरक्षा दिवस | इम्प्रूविंग डायग्नोसिस फॉर पेशेंट सेफ्टी |
| 21 सितंबर, 2024 | अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस | शांति की संस्कृति का विकास |
| 22 सितंबर, 2024 | विश्व राइनो दिवस | पांचों को जीवित रखना |
| 23 सितंबर, 2024 | अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस | साइन अप फॉर लैंग्वेज राइट्स |

| तिथि | दिवस | विषय |
|---|---|---|
| 27 सितंबर, 2024 | विश्व पर्यटन दिवस | पर्यटन और शांति |
| 1 अगस्त, 2024 | राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस | |
| 10 अगस्त, 2024 | विश्व शेर दिवस | – |
| 10 अगस्त, 2024 | विश्व जैव ईंधन दिवस | टिकाऊ जैव ईंधन: हरित भविष्य को बढ़ावा देना। |
| 12 अगस्त, 2024 | विश्व हाथी दिवस | प्रागैतिहासिक सौंदर्य, धार्मिक प्रासंगिकता और पर्यावरणीय महत्व को मूर्त रूप देना। |
| 19 अगस्त, 2024 | विश्व संस्कृत दिवस | वैदिक विरासत और परंपरा |
| 19 अगस्त, 2024 | विश्व मानवतावादी दिवस | मानवता का कार्य |
| 20 अगस्त, 2024 | अक्षय ऊर्जा दिवस | – |
| 15 अगस्त, 2024 | भारत का स्वतंत्रता दिवस | विकसित भारत@ 2047 |
| 23 अगस्त, 2024 | राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस | चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा |
| 29 अगस्त, 2024 | राष्ट्रीय खेल दिवस | शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों के संवर्धन और विकास के लिए खेल |
| 29 अगस्त, 2024 | परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस | शून्य का मार्ग: परमाणु निरस्त्रीकरण में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका |
| 1 जुलाई, 2024 | राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस | उपचारात्मक हाथ, देखभाल करने वाले हृदय |
| 6 जुलाई, 2024 | विश्व जूनोसिस दिवस | एक विश्व, एक स्वास्थ्य: जूनोसिस को रोकें |
| 6 जुलाई, 2024 | अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस | सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही है |
| 11 जुलाई, 2024 | विश्व जनसंख्या दिवस | किसी को पीछे न छोड़ना, सभी की गिनती करना |
| 15 जुलाई, 2024 | विश्व युवा कौशल दिवस | शांति और विकास के लिए युवा कौशल |
| 17 जुलाई, 2024 | विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस | अंतराल को पाटना, गठबंधन बनाना |

# 22 पुस्तक एवं लेखक

## चर्चित पुस्तकें

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| विट्टीलीक्स | ए. सई शेखर |
| माउंटेन मैमल्स ऑफ द वर्ल्ड | एम.के.रंजीत सिंह |
| सिक्स ऑफ कप्स | नेहा बंसल |
| बियॉन्ड बिरयानी: द मेकिंग ऑफ ए ग्लोबलाइज्ड हैदराबाद | दिनेश सी शर्मा |
| डिस्कवरिंग ईच अदर एंड अदर एसेज | के.जी. सुब्रमण्यन |
| चिकैनरी (CHICANERY) | तिमेरी एन. मुरारी |
| अनपार्टीशन्ड टाइम : ए डॉटर्स स्टोरी | मालविका राजकोटिया |
| द सेफकीप | येल वैन डेर वूडेन |
| रेबेल्स, ट्रेटर्स, पीसमेकर्स: टू स्टोरीज ऑफ लव एंड कनफ्लिक्ट इन इंडियन-चाइनीज रिलेशनशिप्स | शिवाजी दास एवं योलांडा यू |
| नाइफ: मैडिटेशंस आफ्टर ऐन एटेम्प्टेड मर्डर | सलमान रुश्दी |
| रणधुरंधर शाहजीराजे भोसले | अमर युवराज डांगट |
| खाकी में स्थितप्रज्ञ | अनिल रतूड़ी |
| द डीएमके इयर्स: एसेंट, डिसेंट, सर्वाइवल | आर. कन्नन |
| स्वैलोविंग द सन | लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी |
| वैज्ञानिक उद्यमी: लाखों महिलाओं को सशक्त बनाना | सौम्या स्वामीनाथन |
| मोदी गवर्नेंस ट्रायम्फ: रीशेपिंग इंडियाज पाथ टू प्रॉसपेरिटी | तरुण चुघ |
| भारत के 75 महान क्रांतिकारी | सांसद भीम सिंह |
| इंडिया@100: कल की आर्थिक महाशक्ति की कल्पना | प्रो. के. वी. सुब्रमण्यन |
| कॉल ऑफ गिर | परिमल नाथवानी |
| लारा द इंग्लैंड क्रॉनिकल्स | ब्रायन लारा |
| माई फ्रेंड्स | हिशाम मातर |
| ब्रेकिंग रॉक्स एंड बैरियर्स | सुदीप्ता सेनगुप्ता |
| द नायपॉल्स ऑफ नेपाल स्ट्रीट | सावी नायपॉल अकाल |
| शबिहार का गांधी नीतीश कुमारश | अशोक चौधरी एवं शांभवी चौधरी |
| वेंकैया नायडू: सेवा में जीवन | एस. नागेश कुमार |
| मनोज बाजपेयी: द डेफिनिटिव बायोग्राफी | पीयूष पांडे |

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| द प्रिजनर ऑफ भोपाल | टिम वॉकर |
| पावर विदिन: द लीडरशिप लिगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी | डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम |
| जमशेदजी टाटा: कॉर्पोरेट सफलता के लिए शक्तिशाली सीख | आर. गोपालकृष्णन और हरीश भट |
| द आइडिया ऑफ डेमोक्रेसी | सैम पित्रोदा |
| गेटवेज टू द सी: हिस्टोरिक पोर्ट्स एंड डॉक्स ऑफ मुंबई रीजन | मैरीटाइम मुंबई म्यूजियम सोसायटी |
| एड फाइंड्स ए होम | आलिया भट्ट |
| आई हैव द स्ट्रीट्स: ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी | आर. अश्विन |
| ए फ्लाई ऑन द आरबीआई वॉल | अल्पना किलावाला |
| सोर्स कोड: माई बिगिनिंग्स | बिल गेट्स |
| लॉन्ग आइलैंड | कोलम टोइबिन |
| एट द व्हील ऑफ रिसर्च | अनुराधा मैस्करेनहास |
| कमलादेवी चट्टोपाध्याय - स्वतंत्रता की कला: अपने समय से आगे | निको स्लेट |
| व्हाट आईश्ड रैदर नॉट थिंक अबाउट | जेन्ते पोस्टहुमा |
| नेवर नेवर लैंड | नमिता गोखले |
| नॉट ए रिवर | सेल्वा अल्माडा |
| मुगलकालीन भारत में संगीत और संगीतकार | कैथरीन बटलर स्कोफील्ड |
| कैरोस | जेनी एर्पेनबेक |
| द डिटेल्स | इया जेनबर्ग |
| मारिया, जस्ट मारिया | संध्या मैरी |
| ए गेम ऑफ फायर | नानक सिंह |
| इंडियाज न्यूक्लियर टाइटन्स | सौम्या अवस्थी और श्रभना बरुआ |
| द विनर्स माइंडसेट | शेन वॉटसन |
| इकोज ऑफ एनलाइटनमेंट: IGNCA's जर्नी इनटू बौद्धिज्म | मयंक शेखर |
| द लॉ एंड स्पिरिचुअलिटी: रीकनेक्टिंग द बॉन्ड | डॉ. रमन मित्तल और डॉ. सीमा सिंह |
| इंटीग्रेशन ऑफ भारत: पॉलिटिकल एंड कॉन्स्टीट्यूशनल पर्सपेक्टिव | यशराज सिंह बुंदेला |

# 23 विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां

## कृषि एवं खाद्यान्न

### भारतीय कृषि क्षेत्र का समग्र विकास

- पिछले पांच वर्षों में कृषि क्षेत्र में प्रति वर्ष औसतन 4.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- 2023-24 के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत रही, जो 2022-23 के 4.7 प्रतिशत से कम है, जिसका मुख्य कारण मौसमी उतार-चढ़ाव के कारण खाद्यान्न उत्पादन में गिरावट है।
- वर्ष 2022-23 में वर्तमान मूल्यों पर कृषि जीवीए में फसल क्षेत्र की हिस्सेदारी 55.28 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2014-15 में यह 61.75 प्रतिशत थी।

### बजटीय आवंटन

- सरकार के किसान-केन्द्रित फोकस को दर्शाते हुए, कृषि के लिए निर्धारित बजट 2007-14 के दौरान 1.37 लाख करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर 2014-25 के दौरान 7.27 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### फसल बीमा

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) किसान नामांकन के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना बन गई है, साथ ही बीमा प्रीमियम के मामले में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी योजना बन गई है।

### कृषि-बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषण

- कृषि अवसंरचना कोष की स्थापना के बाद से 48,352 परियोजनाओं के लिए 35,262 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।
- कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) के तहत स्वीकृत प्रमुख परियोजनाओं में 11,165 गोदाम, 10,307 प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, 10,948 कस्टम हायरिंग केंद्र, 2,420 छंटाई और ग्रेडिंग इकाइयां, 1,486 कोल्ड स्टोर परियोजनाएं, 169 परख इकाइयां और लगभग 11,857 अन्य प्रकार की फसलोत्तर प्रबंधन परियोजनाएं और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियां शामिल हैं।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की गई, जहां पहली बार सभी 22 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत से कम से कम 50% अधिक निर्धारित किया गया।

### मृदा स्वास्थ्य

- मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उनकी मिट्टी की पोषक स्थिति और उसकी संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
- 19 दिसंबर 2023 तक किसानों को 23.58 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

### किसान उत्पादक संगठन

- भारत सरकार 10,000 नए एफपीओ बनाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए "10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन" योजना के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) को लागू कर रही है।
- 30.06.2024 तक देश भर में 8875 एफपीओ पंजीकृत हो चुके हैं।

### ई-NAM

- 31 जनवरी, 2024 तक 1.77 करोड़ किसान और 2.53 लाख व्यापारी ई-नाम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं।

### खाद्यान्न उत्पादन

- **कुल खाद्यान्न उत्पादन:** वित्त वर्ष 23 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 329.7 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.1 मिलियन टन अधिक है।
- **औसत खाद्यान्न उत्पादन:** वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2023 में प्रति वर्ष औसत खाद्यान्न उत्पादन 289 मिलियन टन था, जबकि वित्त वर्ष 2005 से वित्त वर्ष 2014 में यह 233 मिलियन टन था।
- **भारत का वैश्विक प्रभुत्व:** यह कृषि वस्तुओं तक फैला हुआ है, जिससे यह दुनिया भर में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है।
- इसके अतिरिक्त, भारत फलों, सब्जियों, चाय, मछली, गन्ना, गेहूं, चावल, कपास और चीनी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है ।
- बागवानी उत्पादन: बागवानी उत्पादन 355.25 मिलियन टन था जो भारतीय बागवानी के लिए अब तक का सबसे अधिक है (तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार)।

## पशुपालन

### पशुधन क्षेत्र का विकास

- पशुधन क्षेत्र 2014-15 से 2021-22 तक 13.36% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ा।

### जीवीए में पशुधन क्षेत्र का योगदान

- कुल कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में पशुधन का योगदान 24.38 प्रतिशत (2014-15) से बढ़कर 30.19 प्रतिशत (2021-22) हो गया है। पशुधन क्षेत्र 2021-22 में कुल जीवीए में 5.73 प्रतिशत का योगदान दिया।

### पशुधन जनसंख्या

- 20वीं पशुधन गणना के अनुसार देश में लगभग 303.76 मिलियन गोजातीय (गाय, भैंस, मिथुन और याक), 74.26 मिलियन भेड़, 148.88 मिलियन बकरियां, 9.06 मिलियन सूअर और लगभग 851.81 मिलियन मुर्गियां हैं।